प्री.बोर्ड परीक्षा 2023–24 R/13/190

विषय – सामाजिक विज्ञान (932)

समय: 3.00 घंटे कक्षा– 10 पूर्णांक: 70

नोट :– (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों 'अ' एवं 'ब' में विभाजित है। खण्ड 'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर दिया जाना है।

(3) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

खण्ड (अ)

बहुविकल्पीय प्रश्न:– 20 अंक

1. बिस्मार्क का सम्बन्ध किस देश से था?
(अ) जर्मनी (ब) इटली (स) फ्रांस (द) ब्रिटेन

2. प्रथम विश्व युद्ध प्रारम्भ हुआ था–
(अ) वर्ष 1910 (ब) वर्ष 1914 (स) वर्ष 1916 (द) वर्ष 1920

3. आयरलैण्ड के गरीब काश्तकार किस पर निर्भर थे?
(अ) मक्का (ब) रेशम (स) आलू (द) दाल

4. कपास आधारित उद्योग की स्थापना सर्वप्रथम कहाँ हुई थी?
(अ) फ्रांस (ब) जर्मनी (स) भारत (द) ब्रिटेन

5. रिण्डरपेस्ट का दूसरा नाम क्या है?
(अ) मवेशी प्लेग (ब) प्लेग (स) महामारी (द) इनमें से कोई नहीं

6. निम्नलिखित में से कौन–सा अजैवीय संसाधन है?
(अ) पशु (ब) चट्टाने (स) पौधे (द) मछलियाँ

7. सुन्दरवन राष्ट्रीय पार्क किस राज्य में स्थित है?
(अ) असम (ब) ओड़िशा (स) पश्चिम बंगाल (द) मध्य प्रदेश

8. निम्नलिखित में से कौन–सा जल सर्वाधिक खारा होता है?
(अ) वर्षाजल (ब) अधौभौमिक जल (स) नदी का जल (द) समुद्री जल

9. निम्नलिखित में से किस राज्य में सीढ़ीदार (सोपानी) खेती की जाती है?
(अ) उत्तराखण्ड (ब) हरियाणा (स) पंजाब (द) उत्तर प्रदेश

10. रानीगंज कोयले की खान स्थित है।
(अ) बिहार में (ब) पश्चिम बंगाल में (स) झारखण्ड में (द) ओडिशा में

11. निम्नलिखित में से कौन सा कुटीर उद्योग है?
(अ) सीमेण्ट (ब) कागज (स) हथकरघा (द) लौह–इस्पात

12. निम्नलिखित में से संचार का माध्यम कौन–सा है?
(अ) वायु सेवा (ब) रेल सेवा (स) जल सेवा (द) दूरदर्शन

13. बेल्जियम कहाँ स्थित है?
(अ) यूरोप (ब) अफ्रीका (स) एशिया (द) आस्ट्रेलिया

14. भारती संविधान कब लागू किया गया?
(अ) 14 अगस्त (ब) 26 जनवरी (स) 15 अगस्त (द) 26 नवम्बर

15. विश्व का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक देश है–
(अ) यू.एस.ए. (द) ग्रेट ब्रिटेन (स) भारत (द) रूस

16. इनमें से कौन बहुजन समाजपार्टी का संस्थापक है?
(अ) साहू महाराज (ब) बी.आर.अम्बेडकर (स) ज्योतिबा फुले (द) कांशीराम

17. भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा कौन–सी है?

PDFHindustanknowledge.com

(अ) हिन्दी (ब) पंजाबी (स) कश्मीरी (द) उर्दू

18. विकास का महत्वपूर्ण घटक है–

(अ) औसत आय (ब) आय (स) राष्ट्रीय विकास (द) उच्च विकास

19. निम्नलिखित में से कौन प्राथमिक क्षेत्र के अन्तर्गत आता है?

(अ) विनिर्माण (ब) सूचना (स) खनन (द) बैंकिंग

20. वस्तु विनिमय प्रणाली को कहते हैं–

(अ) मौद्रिक (ब) क्रय–विक्रय (स) अप्रत्यक्ष विनिमय (द) प्रत्यक्ष विनिमय

खण्ड–'ब'

वर्णनात्मक प्रश्न:– 1 (उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए) 4×4=16

21. फ्रांस की क्रान्ति कब हुई? इसका मुख्य कारण क्या था? अथवा
भारत में राष्ट्रवाद के उदय के कारणों का उल्लेख कीजिए।

22. भारत में लौह अयस्क के उत्पादन पर संक्षेप में लिखिए। अथवा
चावल की खेती के लिए आवश्यक तीन भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।

23. गठबन्धन सरकार से आप क्या समझते हैं? प्रकाश डालिए। अथवा
भारतीय लोकतन्त्र की सफलता के लिए किन्हीं चार आवश्यक दशाओं का वर्णन कीजिए।

24. एक विकसित देश की क्या विशेषताएँ होती हैं? स्पष्ट कीजिए। अथवा
संगठित और असंगठित क्षेत्रों में अन्तर कीजिए।

वर्णनात्मक प्रश्न:– 2 (उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए) 6×4=24

25. महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए तीन आन्दोलनों का वर्णन कीजिए। अथवा
कॉर्न लॉ से क्या आशय है? कॉर्न लॉ के उन्मूलन से क्या प्रभाव पड़ा?

26. बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं से आप क्या समझते हैं? इनके उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।
अथवा
भारत में संचार के साधनों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

27. संघवाद क्या है? भारत की संघात्मक शासन व्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें।
अथवा भारत में महिलाओं के प्रति भेदभाव के तरीकों का वर्णन कीजिए।

28. भारतीय अर्थव्यवस्था में अधिक रोजगार विकसित करने के माध्यमों को स्पष्ट कीजिए।
अथवा वस्तु विनिमय प्रणाली को गुण तथा समस्याओं के साथ समझाइए।

मानचित्र कार्य:–

29. (क) निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा मानचित्र में ● चिह्न द्वारा नाम सहित दशाईए। सही नाम तथा सही अंकन हेतु ½+½ अंक निर्धारित है। 5

1. वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ।
2. वह स्थान जहाँ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय है।
3. वह स्थान जहाँ गाँधी जी ने नमक कानून भंग किया।
4. वह स्थान जहाँ चन्द्रशेखर आजाद शहीद हुए।
5. वह नगर जहाँ स्वामी विवेकानन्द का जन्म हुआ।

(ख) निम्नलिलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा मानचित्र में चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही स्थान अंकन हेतु ½+½ अंक निर्धारित है। 5

1. राजस्थान का राजधानी नगर ● चिह्न द्वारा नाम सहित।
2. भारत का एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र □ चिह्न द्वारा नाम सहित
3. कोयला उत्पादन का एक क्षेत्र ✕ चिह्न द्वारा नाम सहित।
4. महाराष्ट्र का राजधानी नगर ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित।
5. गेहूँ का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य ★ चिह्न द्वारा नाम सहित।

PDF-Hindustanknowledge.com